संख्या-103/2026/I/1331623/2026/71-3099/44/2023-03

प्रेषक,

अमित कुमार घोष,
अपर मुख्य सचिव
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
कुशीनगर।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1 **लखनऊ : दिनांक 18 मई, 2026**

विषयः- केन्द्र सहायतित योजना के अन्तर्गत जनपद-कुशीनगर में नर्सिंग कॉलेज की स्थापना हेतु निःशुल्क भूमि चिकित्सा शिक्षा विभाग के पक्ष में हस्तांतरित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-218/भूमि सुधार/नर्सिंग का0-2023, दिनांक 21.06.2023 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा अवगत कराया गया है कि मौजा रामपुर तप्पा चौरा बड़गाँव परगना सि0जो0 तहसील, तहसील-पडरौना में नर्सिंग कालेज की स्थापना हेतु मेडिकल कालेज के बगल में स्थित गाटा संख्या-473/1.054 हे0, जो राजस्व अभिलेख में सीलिंग खाते की भूमि दर्ज है, भूमि मौके पर खाली व निर्विवाद है, को चिन्हित किया गया है, जो पडरौना-कुबेरस्थान मुख्य मार्ग से 500 मीटर दक्षिण स्थित है। उक्त गाटे में से एक एकड़ यानी 0.405 हे0 भूमि नर्सिंग कालेज की स्थापना हेतु उपयुक्त है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सम्यक् विचारोपरान्त जनपद-कुशीनगर में केन्द्र सहायतित योजना के अन्तर्गत नर्सिंग कॉलेज की स्थापना हेतु मौजा रामपुर तप्पा चौरा बड़गाँव परगना सि0जो0 तहसील, तहसील-पडरौना जनपद-कुशीनगर में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, कुशीनगर के बगल स्थित गाटा संख्या-473/1.054 हे0, जो राजस्व अभिलेख में सीलिंग खाते की भूमि दर्ज है तथा पडरौना-कुबेरस्थान मुख्य मार्ग से 500 मीटर दक्षिण स्थित है, में से 0.405 हे0 भूमि चिकित्सा शिक्षा विभाग के पक्ष में निःशुल्क हस्तांतरित किये जाने का निर्णय लिया गया है।

3- कृपया उपर्युक्तानुसार अग्रेतर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

अमित कुमार घोष
अपर मुख्य सचिव।

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

संख्या व दिनांक, उपर्युक्तानुसार।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
2. महालेखाकार, (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
3. महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ।
4. आयुक्त, गोरखपुर, मण्डल गोरखपुर।
5. प्रधानाचार्य, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, कुशीनगर।
6. प्रधानाचार्य, कालेज आफ नर्सिंग, कुशीनगर।
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

आनन्द कुमार त्रिपाठी
संयुक्त सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेशइलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.inसे सत्यापित की जा सकती है ।